भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1641
दिनांक 2 मार्च, 2020

कतर से एल॰पी॰जी॰ की आपूर्ति

1641. श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः
श्री गजानन कीर्तिकरः
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत ने अपने सबसे बड़े एलपीजी आपूर्तिकर्ता, कतर से मौजूदा दीर्घकालिक आपूर्ति अनुबंधों के तहत गैस की कीमत कम करने का अनुरोध किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कतर की प्रतिक्रिया क्या है;
(ग) क्या सरकार सस्ते मूल्य पर किसी अन्य देश से एलपीजी की आपूर्ति करने पर विचार कर रही है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं; और
(ङ) सरकार द्वारा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम से संबंधित उत्पादों पर निर्भरता को कम करने के लिए ऊर्जा के स्रोत को बदलने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री
(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)

(क) से (घ): तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने बताया है कि उन्होंने मिडल ईस्ट में निर्यात योग्य एलपीजी वाले विभिन्न देशों के साथ वार्षिक आधार पर संविदाएं की हैं जिनमें से कतर एक है। वार्षिक आधार पर एलपीजी की आवधिक संविदाओं का मूल्य-निर्धारण सउदी अरामको द्वारा मासिक आधार पर घोषित सउदी संविदा मूल्य (सउदी सीपी) से जुड़ा हुआ है और वर्तमान में ओएमसीज ने कतर से एलपीजी के मूल्य कम करने के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है।

(ड.): सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण (ईबीपी) कार्यक्रम ओर डीजल में जैव-डीजल मिश्रण के माध्यम से एथेनॉल तथा जैव-डीजल जैसे वैकल्पिक ईंधनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। सरकार ने देश में जैव-ईंधनों की उपलब्धता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 बनाई है। सरकार ने बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना करके जैव सीएनजी के उत्पादन के लिए किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (एसएटीएटी) की शुरूआत की है। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों।एलएनजी टर्मिनलों/सीजीडी नेटवर्कों के रूप में बुनियादी ढांचे को विकसित करके देश में प्राइमरी एनर्जी मिक्स में प्राकृतिक गैस के हिस्से में वृद्धि करने के लिए कदम उठाए गए हैं।